**आकाशवाणी चंडीगढ**

**03 अगस्त 2025, समय 1810**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी का संकल्प लेने और स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह किया है।

2. रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि गत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है।

3. हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने राहुल गाँधी द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाये जाने की आलोचना की, कहा - भारतीय जनता पार्टी प्रजातंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

4. आज नेशनल वेस्कुलर डे पर पंचकूला में वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

5. भारतीय मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने आज, कल और परसों व 8 और 9 अगस्त को हलकी व मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

******************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है, इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा।

उन्होंने वाराणसी में कहा कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था कई अनिश्चितताओं और अस्थिरता के दौर से गुज़र रही है और सभी देश अपने हितों पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में, नागरिकों का भी यह दायित्व है कि वे स्वदेशी का संकल्प लें।

***जो चीज भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए बहुत स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प ले कि हम मेक-इन-इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आयेगा, वो स्वदेशी ही होगा।***

प्रधानमंत्री ने व्यापारियों और दुकानदारों से भी केवल स्वदेशी उत्पाद बेचने का संकल्प लेने की अपील की। श्री मोदी ने लोगों से आगामी त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि यही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

*************************************************************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास विश्व की सबसे बडी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना है। इसके तहत रेलवे में बहुत बढ़ा परिवर्तन देखने को मिला है।

वह आज भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर-अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करें के मौके पर बोल रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

***11 वर्ष पहले अगर किसी स्टेशन पे जाते, स्टेशन पे खड़ा होना दुर्भर होता था। इन 11 मोदी जी ने रेलवे में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। आज स्टेशन साफ-सुथरे होते हैं। नए स्टेशन बन रहे हैं। गाड़ियां साफ-सुथरी हैं और जो 50-60 वर्षों के पुराने जो***

***<u>तकलीफें थीं उनको इन 11 वर्षों में बहुत हद तक दूर किया है और एक नए विजन के साथ काम कर रहे हैं जिसके कि नए तरह का रेलवे गड़े, नए तरह का भारत बने।</u>***

*****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रजातंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री विज आज अंबाला में मीडिया कर्मियों द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाने के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इस मौके पर उनके साथ विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार भी थे।

श्री विज ने कहा कि राहुल गांधी जी को झूठ बोलने की आदत है। उन्होंने और उनकी पार्टी कांग्रेस ने सोची समझी नीति के तहत देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ एक जेहाद छेड़ा हुआ है। अब राहुल गांधी जी चुनाव आयोग के खिलाफ बोल रहे हैं जबकि पहले वे प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और अदालतों के खिलाफ बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाएं प्रजातंत्र की स्तंभ हैं लेकिन विपक्ष इनको गिराकर देश में तानाशाही लाना चाहता हैं।

श्री विज ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी द्वारा 1975 में आपातकाल लगाने का स्मरण भी करवाया और कहा कि उस समय आम नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म कर दिए गए थे। उन्होंने काँग्रेस पर देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

*****************************************************************

आज राष्ट्रीय संवहनी दिवस यानी नेशनल वैस्कुलर डे पर पंचकूला के सेक्टर 20 में वॉकेथान का आयोजन किया गया।

यह आयोजन पंचकूला स्थित दो निजी अस्पतालों के सहयोग से किया गया। इसमें पतंजलि योगपीठ और आई हेट पॉलिथीन जैसी जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भी भागीदारी की। पंचकूला की सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

डॉ मुक्ता कुमार ने बताया कि

डॉ मुक्ता ने लोगों से पॉलीथिन और प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल भी न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इसकी जगह ऐसे उत्पादों का प्रयोग करे जो प्राकृतिक रूप से सूक्ष्मजीवों जैसे बैक्टीरिया द्वारा छोटे, हानिरहित भागों में विघटित हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे हमारी भावी पीढ़ी प्लास्टिक के खतरों से बच सकती है। इसके अलावा हम पृथ्वी और अपने देश को प्रदूषण मुक्त करने में योगदान दे सकते हैं।

*************************************************************

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज नरवाना में कार्यकर्ताओं की बैठक ली ।बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री बेदी ने कहा कि 17 अगस्त को नरवाना की मेला मंडी में मुख्यमंत्री की धन्यवाद और विकास रैली का आयोजन किया जाएगा, यह जनसभा ऐतिहासिक होगी जिसमें मुख्यमंत्री नरवाना को करोड़ो रुपये की परियोजनाएं देने का काम करेगे।

उन्होंने कहा कि इसी को एकर कार्यकर्ताओं से बैठक की गई है।

उन्होंने कहा कि बिठमड़ा माइनर को नहर में बदलने और धरौदी माइनर में 16 दिन तक पानी चलाये जाने की योजना है।

श्री बेदी ने बताया कि उस दिन मुख्यमंत्री बस अड्डा, विश्राम गृह और नागरिक अस्पताल के नए भवन की आधारशिला भी रखेंगे।

****************************************************************

भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, मनाएगी।
विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा ने आज करनाल में की पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम फरीदाबाद में होगा
डॉ मिढा ने कहा कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को मिली आज़ादी से ठीक एक दिन पहले विभाजन की त्रासदी में लाखों लोग प्रभावित हुए, जिसमें कई लोगों ने अपने प्राण गंवाए, अनेक लोगों को अपना घर-बार छोड़कर शरणार्थी जीवन अपनाना पड़ा। भाजपा इस अवसर पर उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। उन्होंने कहा, "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन अनगिनत पीड़ितों के साहस, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है।

****************************************************************

कैथल भाजपा जिला कार्यालय में भी आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर एक पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा विशेष रूप उपस्थित रहे। बैठक में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने फरीदाबाद में होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे।

****************************************************************

हरियाणा सरकार ने विपक्षी दलों के हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में पांच साल से कम समय से कार्यरत कर्मचारियों को हटाने के दावे का खंडन किया है।
एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है।

सरकारी प्रवक्ता ने विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग के संदर्भ में स्पष्ट किया कि विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के पांच वर्ष से कम समय से कार्यरत कुछ अस्थायी कर्मचारियों को हटाने के संबंध में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार कर्मचारियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए उनके भविष्य और स्थिरता को ध्यान में रखकर ही कोई कदम उठाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 168 नियुक्तियाँ की गई हैं, जिनमें से 155 अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके अतिरिक्त, मुख्य सचिव ने सुझाव दिया है कि विभाग में रिक्त पदों की सूची आयोग को भेजी जाए, ताकि इन पर स्थायी नियुक्ति की जा सकें। यह कदम न केवल रिक्त पदों को भरने में सहायक होगा, बल्कि योग्य युवाओं को स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से स्थायी रोजगार प्रदान करना है, जिससे उनकी आजीविका में स्थिरता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो।

*************************************************************

भारतीय मौसम विभाग के चंडीगढ़ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज , कल और परसों और उसके बाद 8 व 9 अगस्त को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके इलावा 5 अगस्त को कुछेक स्थानों पर व कल व परसों कहीं कहीं बहुत भारी वर्षा होने के आसार भी जताए गए हैं।

विभाग ने कहा है कि हरियाणा और चंडीगढ़ में 6, और 7 अगस्त को कुछेक स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

*************************************************************